मंगलवार
30 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है पालक



पृष्ठ 5
मौका मिला तो साउथ फिल्मों में भी काम करना चाहूंगी: स्मृति श्रीकांत



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 203
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

ना तो कोई किसी का मित्र है ना ही शत्रु है। व्यवहार से ही मित्र या शत्रु बनते हैं।
– हितोपदेश

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## भर्तियों में भ्रष्टाचार के ट्विन टावर को सीबीआई जांच के बारूद से ढहाया जाए

### ●संयुक्त नागरिक संगठन ने लिखी सीएम धामी को चिट्ठी

विशेष संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले की जांच अभी जारी है इस बीच विधानसभा में बैक डोर से हुई भर्तियों के मामले ने भी तूल पकड़ लिया है। भले ही मुख्यमंत्री धामी द्वारा सभी भर्तियों की जांच की बात कही जा रही हो लेकिन राज्य गठन 2001 से लेकर अब तक हुई तमाम भर्तियों में भाजपा और कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेताओं व मंत्रियों के सगे संबंधियों को बैक डोर से दी गई इन नौकरियों की निष्पक्ष जांच हो सकेगी यह सवाल अभी भी सबसे अहम बना हुआ है। संयुक्त नागरिक संगठन ने इस मामले में सीएम धामी को एक चिट्ठी लिखकर भर्तियों में हुए इस भ्रष्टाचार के ट्विन टावर को सीबीआई की जांच के बारूद से ढहाने की मांग की है।

संयुक्त नागरिक संगठन के सचिव सुशील त्यागी ने मुख्यमंत्री धामी को जो पत्र लिखा है उसमें कहा गया है कि यूकेएसएसएससी के माध्यम से हुई भर्तियों व अन्य आउटसोर्स एजेंसियों के द्वारा हुई भर्तियों के बारे में एसटीएफ की व अन्य जांचों से यह स्पष्ट हो चुका है कि राज्य गठन से लेकर अब तक सरकारी नौकरियों के लिए जो भी भर्तियां हुई है उनमें व्यापक स्तर का भ्रष्टाचार और अनियमितताएं हुई है और इनकी जांच जरूरी है। पत्र में कहा गया है कि भर्तियों में भ्रष्टाचार के इस ट्विन टावर को तोड़ने के लिए इनकी जांच सीबीआई से कराई जाए तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा।

### ❑विधानसभा में भर्तियों की सूची वायरल, कांग्रेस व भाजपा के तमाम मंत्रियों के सगे संबंधियों को दी गई नौकरियां

यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य गठन से लेकर अब तक राज्य में सरकारी नौकरियों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार और अनियमितता हुई है। सूबे में सत्ता भले ही किसी भी दल की रही हो लेकिन नौकरियों की लूटपाट व नौकरियां बेचे जाने का धंधा लगातार जारी रहा है। अब सोशल मीडिया पर 2001 से लेकर अब तक विधानसभा में हुई भर्तियों की सूची वायरल हो रही है जिसमें भगत सिंह कोश्यारी से लेकर हरीश रावत व यशपाल आर्य से लेकर अजय भट्ट और महेंद्र भट्ट तथा गोविंद सिंह कुंजवाल, मुन्ना सिंह चौहान, सुबोध उनियाल, अनुसूया प्रसाद मैखुरी, धन सिंह रावत, रेखा आर्य, नरेश बंसल, निर्वाचन अधिकारी मस्तु राम और संघ नेताओं के रिश्तेदारों व सगे संबंधियों तक को नौकरी दिए जाने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। हैरान करने वाली बात यह है कि नेताओं द्वारा बड़ी बेशर्मी के साथ अभी इन नियुक्तियों को सही ठहराये जाने की कोशिशें की जा रही है और एक दूसरे को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

## बहुत जल्द पूरा होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड का संकल्प: धामी

विशेष संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा है कि इस मुद्दे पर तेजी से काम चल रहा है और राज्य में बहुत जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो जाएगा।


मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड उनका कोई चुनावी मुद्दा नहीं था। राज्य और राज्य की जनता के हितों के प्रति उनका संकल्प है। उन्होंने कहा है कि समान नागरिक संहिता कानून का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए उनकी सरकार द्वारा जिस समिति का गठन किया गया है वह इसका ड्राफ्ट तैयार करने में जुटी हुई है। समिति द्वारा जैसे ही इसका ड्राफ्ट तैयार कर सरकार को सौंपा जाएगा सरकार इस पर तुरंत वैधानिक कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इस काम को पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट तैयार होने के एक दो महीने के अंदर ही राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड अपने अस्तित्व में आ जाएगा। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़े होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से यह उत्तराखंड राज्य के लिए जरूरी है।

### ❑मुख्यमंत्री ने दोहराई अपनी प्रतिबद्धता

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री धामी ने 2022 फरवरी में चुनाव के दौरान राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की बात कही थी। सरकार गठन के बाद उनके द्वारा अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव लाया गया था तथा यूनिफॉर्म सिविल कोड का स्वरूप कैसा हो इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन सरकार कर चुकी है। जिसमें अनेक क्षेत्र के विशेषज्ञों को रखा गया है। इस समिति की अब तक दो बैठकें हो चुकी है तथा मुख्यमंत्री धामी समिति के कामकाज की खुद मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड सचिन विश्नोई अजरबैजान में गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के जिस अहम सदस्य सचिन बिश्नोई को दिल्ली व पंजाब पुलिस को तलाश थी उसे अजरबैजान में गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय विदेश मंत्रालय को इस बात की जानकारी दे दी गई है। पंजाब पुलिस के अनुसार सचिन ही वह शख्स है जिसने मूसेवाला की हत्या की पूरी प्लानिंग की थी। बताया जा रहा है कि उसने ही शूटर्स को हथियार मुहैया कराए थे, पूरा लॉजिस्टिक सपोर्ट उपलब्ध कराया था। मूसेवाला की हत्या के बाद सचिन बिश्नोई ने बीती 2 जून को एक वीडियो संदेश जारी करके सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। दिल्ली पुलिस और पंजाब पुलिस ने वीडियो संदेश में जो आवाज थी, उसकी तस्दीक की थी कि वह सचिन बिश्नोई ही है। बाद में दिल्ली पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया था कि कैसे संगम विहार के एड्रेस पर सचिन ने एक फर्जी पासपोर्ट बनवाया और अजरबैजान भागने में कामयाब रहा।

## राहत: भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 5439 नए मामले दर्ज हुए

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,439 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,44,21,162 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 65,732 रह गई है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 65,732 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.66 प्रतिशत हो गई। दैनिक संक्रमण दर 1.70 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.64 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,38,25,024 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 212.71 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# विनाश काले विपरीत बुद्धि

मानव समाज और मनुष्य को अन्य जीव धारियों से अलग इसलिए माना जाता है क्योंकि उसके पास जो बुद्धि और विवेक होता है वह अन्य किसी जीव के पास नहीं होता। किंतु बुद्धि अगर अविवेक कारी हो जाए तो उससे अधिक विनाशकारी भी कुछ नहीं होता है। विवेकशील बुद्धि के बल पर आदमी जहां बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना आसानी से कर लेता है वही अविवेकी बुद्धि मनुष्य को ऐसी बड़ी मुसीबतों में भी फंसा देती है जहां सिर्फ विनाश ही विनाश होता है और विकास के सभी दरवाजे बंद हो जाते हैं। 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' की कहावत या फिर रामचरितमानस में बाबा तुलसीदास का यह उल्लेख 'जाको प्रभु दारुन दुख देही ताकि मति पहले हर लेही' का भावार्थ भी यही है। कल राजधानी दून के निकटवर्ती क्षेत्र रानीपोखरी में जो दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई जिसमें एक व्यक्ति ने अपने पांच परिजनों की बेरहमी से हत्या कर दी वह अविवेकी बुद्धि या विकृत बुद्धि के नतीजों की ही मिसाल है। अभी बीते कुछ वर्ष पूर्व देश की राजधानी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक ही परिवार के 5 लोगों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली थी। ऐसी एक अन्य घटना 2014 में देहरादून में भी सामने आई थी जिसमें एक बेटे ने अपने पिता, सौतेली मां और बहन तथा भांजी की हत्या कर दी थी। इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले लोग किसी न किसी तरह की मनोविकृति के शिकार ही होते हैं सामान्य व्यक्ति द्वारा इस तरह के अपराध नहीं किए जा सकते है यह एक ऐसा सत्य है जिससे इनकार नहीं किया जा सकता है। मनोविज्ञानी भी इस बात को मानते हैं। हमारे समाज में और हमारे आसपास अनेक ऐसे लोग भरे पड़े हैं जो मानसिक रोग या विकृति का शिकार है जिन्हें समझ पाना बहुत मुश्किल ही नहीं होता है कई बार असंभव भी होता है। ऐसे लोगों से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे लोग जो अपना सब कुछ पल भर में मिटा सकते हैं वह दूसरों को भी कितना भी बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। समाज में हमारे आसपास जो कुछ भी घटित होता है उसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अकर्मठ और अंधविश्वासी लोगों से तो खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत होती है। ऐसे निठल्ले लोग जो कुछ नहीं करते ऐसे अंधविश्वासी जो तंत्र-मंत्र के सहारे हर समस्या का समाधान चाहते हैं और किसी चमत्कार की उम्मीद लेकर अपनी सोच में एक काल्पनिक जीवन की रूपरेखा तैयार कर लेते हैं वह स्वयं के लिए ही नहीं अपने समाज के लिए भी हमेशा बड़ा खतरा रहे हैं। बात चाहे बुराड़ी (दिल्ली) में की गई सामूहिक आत्महत्याओं की हो या फिर बीते कल रानीपोखरी में हुए सामूहिक नरसंहार की इन घटनाओं के पीछे तंत्र मंत्र और अंधविश्वास के जरिए गढ़ी जाने वाली काल्पनिक जीवन कथाओं के सिवाय कुछ नहीं है। समाज के हर व्यक्ति के लिए ऐसी घटनाएं एक सबक है कि कैसे हमें इन तरह की विकृतियों से दूर रहना और सतर्क रहना है। ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों को अव्वल तो अपने बुरे कृत्यों का एहसास होता ही नहीं है और अगर हो भी जाता है तो उनके पास पछतावे के सिवा कुछ भी शेष नहीं बचता है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा



नगर संवाददाता

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आगामी 3 व 4 सितंबर को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री 3 सितंबर को कोटभ्रामरी मेले का उद्घाटन करेंगे, तथा 4 सितंबर को बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भैरव मंदिर एवं धर्मशाला पुर्ननिर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे तद्पश्चात वे बिलौना में रोडवेज स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर रोडवेज डिपो एवं विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

इस सम्बन्ध में आज जिलाधिकारी रीना जोशी एवं पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने बिलौना रोडवेज स्टेशन कार्यक्रम स्थल व बागनाथ मंदिर का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन प्रभारी को स्टेशन में सूक्ष्म मरम्मत कार्य एवं रंगरोगन कराने के साथ ही डिपो प्रागण की साफ-सफाई कराने के निर्देश मौके पर दियें। उन्होंने अधि.अभि. लोनिवि को पण्डाल निर्माण, टैंट एवं बैठने की व्यवस्था करने के साथ ही लोकार्पण एवं शिलान्यास पटो हेतु स्थान चिन्हित कर लगाने के निर्देश दियें।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बागनाथ मंदिर में पुर्ननिर्मित भैरव मंदिर एवं नवनिर्मित धर्मशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के अभियंताओं को 2 सिंतबर तक कार्य पूर्ण कर शिलापट लगाने के निर्देश मौके पर दियें। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा शिव सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख गरूड़ हेमा बिष्ट, अपर जिलाधिकारी सीएस इमलाल, उपजिलाधिकारी हरगिरि, अधि. अभि. लोनिवि राजकुमार, पुलिस उपाधीक्षक शिव सिंह राणा, सहायक अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग सुनील दताल, स्टेशन प्रभारी कीर्ति उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# भारत की अर्थ व्यवस्था के लिए युवा हर क्षेत्र में भागीदारी निभायें: पाण्डेय




संवाददाता

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि भारत की अर्थ व्यवस्था को पांच ट्रिलियन की अर्थ व्यवस्था बनाने के लिये युवाओं को हर क्षेत्र में तेजी से कार्य करना होगा ताकि भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ सके।

आज यहां जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आई.आई.टी.) रूड़की द्वारा ए. पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित स्मार्ट इण्डिया हार्डवेयर हैकथान-2022 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा विभिन्न वर्गों में प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रतीक चिह्न भेंट किये।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि भारत की अर्थ व्यवस्था को पांच ट्रिलियन की अर्थ व्यवस्था बनाने के लिये युवाओं को हर क्षेत्र में तेजी से कार्य करना होगा ताकि भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ सके। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुये कांवड़ मेले तथा विगत वर्षों में सम्पन्न हुये कुम्भ मेलों आदि का जिक्र करते हुये हैकथान-2022 कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का आह्वान किया कि वे क्राउड मैनेजमेंट, ट्रैफिक व्यवस्था आदि क्षेत्रों की बेहतर व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में भी अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में अवैध खनन का जिक्र करते हुये कहा कि मैन्युअली इसके रोकथाम में काफी दिक्कतें आती हैं, इसके लिये भी तकनीक विकसित किये जाने की आवश्यकता है तथा आपदा प्रबन्धन को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में भी काफी कुछ किये जाने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपके जीवन का एक लक्ष्य होना चाहिये तथा उस लक्ष्य को प्राप्त करने की तस्वीर आपके मस्तिष्क में स्पष्ट होनी चाहिये तथा छात्र अगर अपने जीवन के लक्ष्य को केन्द्रित करते हुये कठोर मेहनत कर रहे हैं, तो उनको निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने कैरियर गाइडेंस के महत्व का उल्लेख करते हुये कहा कि छात्र किस स्ट्रीम में बेहतर परिणाम दे सकता है, इसके लिये कैरियर गाइडेंस की व्यवस्था भी होनी चाहिये ताकि छात्र अपनी क्षमता के अनुसार अच्छा परिणाम दे सके।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये आईआईटी रूड़की के डायरेक्टर अजीत चतुर्वेदी ने हैकथान-2022 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इसमें 19 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि आपका जो भी नवाचार है, वह मार्केट में दिखाई देना चाहिये। अभिषेक कुमार रंजन इनोवेशन आफिसर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संजीव उपाध्याय आर्गेनाइजर, रजत अग्रवाल डीन एसोसिएट्स, विजयनाथ शुक्ल उप जिलाधिकारी रूड़की, स्कूल तथा कॉलेजों के प्रधानाचार्य/अध्यापक सहित छात्र/छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

# शाकंभरी देवी स्थल इलाके में बाढ़ जैसे हालत, तेज बहाव में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया

सहारनपुर। शिवालिक पहाड़ियों पर हो रही तेज वर्षा के कारण सहारनपुर जिले में सोमवार की देर शाम शाकंभरी देवी स्थल इलाके में अचानक बाढ़ जैसे हालत बन जाने से अफरा तफरी मच गयी और कुछ श्रद्धालु भी तेज बहाव में फंस गए।पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पानी के तेज बहाव में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया गया। उन्होंने बताया कि पानी का बहाव इतना तेज था कि एक बस और श्रद्धालुओं की कई अन्य गाड़ियां पानी के तेज बहाव में बहती चली गई ओर तीर्थ यात्री भी पानी में फंस गये।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने बताया कि शिवालिक पहाड़ियों पर लगातार हो रही तेज वर्षा के कारण अचानक ही यह सैलाब आ गया जिससे कई वाहन पानी के बहाव में बह गए। उन्होंने बताया कि पानी के बहाव में फंसे कई श्रद्धालुओं को बाहर निकाला गया, वही वाहनों को भी रस्से लगाकर किसी तरह किनारे पर लाया गया।राय ने बताया कि जल सैलाब की सूचना मिलते ही थाना बेहट पुलिस मौके पर पहुंची ओर बचाव कार्य करते हुए श्रद्धालुओं व वाहनों को किसी पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला।



सनेम्यस्मद्युयोत दिद्युं मा वो दुर्मतिरिह प्रणङ्न्:।।

(ऋग्वेद ७-५६-९)

हमारे वीर सैनिक जिस बुद्धि और आधुनिक अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग राष्ट्र के शत्रुओं को नष्ट करने में करते हैं। वो वीर सैनिक उनका प्रयोग अपने देशभक्त प्रजाजनों पर ना करें।

The intelligence and modern weapons used by our brave soldiers to destroy the enemies of the nation. Those brave soldiers should not use them on their patriotic subjects. (Rig Veda 7-56-9)

# चोरी की योजना बना रहे दो खुखरियों के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो खुखरी बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दून यूनिवर्सिटी के पास पुल के नीचे दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में बैठे देखा तो उनको आवाज लगायी।

पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह कहीं पर चोरी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो खुखरी बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम राहुल लिंगवाल पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी सैनिक कालोनी मोथरोवाला व अरूण नाथ पुत्र अमीन नाथ निवासी सपेरा बस्ती मोथरोवाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भर्ती घोटाले को लेकर एनएसयूआई ने सीएम का पुतला फूंका

संवाददाता

देहरादून। भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने डीएवी कालेज के गेट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंका। आज यहां डीएवी पीजी कॉलेज, देहरादून में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय संयोजक विकास नेगी के नेतृत्व में राज्य की धामी सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर विकास नेगी ने कहा है कि कांग्रेस उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा करवाई गई भर्तियों में हो रही धांधली को लेकर पिछले लंबे समय से मुखर रही है, इसी को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया। एनएसयूआई का आरोप है कि यूकेएसएसएससी के गठन के बाद से ही आयोग द्वारा करवाई गई। भर्तियों में लगातार धांधली के आरोप लगते आए है लेकिन कभी भी राज्य की धामी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और ना ही स्वतंत्र जांच करवाई। आज जब बढ़ते दबाव के कारण सरकार ने एसटीएफ द्वारा इसकी जांच की तो कई चौकाने वाले साक्ष्य सामने आए। इस भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी हाकम सिंह का संबंध भी उन्ही की पार्टी बीजेपी से है। ऐसे में जब आरोपियों का संबंध सीधे सीधे सरकार में बैठे लोगो से है तो स्वतंत्र जांच कैसे संभव हो सकती है। कहीं न कहीं इस धांधली में लिप्त शीर्ष लोगो का सामने आना आज आवश्यक है। इसके अलावा जो सैकड़ों नियुक्तियां विधानसभा,सचिवालय और विभिन्न विभागों में बिना विज्ञप्ति जारी किए नेता व अधिकारियों के कहने पर की गई हैं उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए , प्रदेश के हजारों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है जो युवा अपनी महनत और ईमानदारी से इन परीक्षाओं को तैयारिया कर रहे हैं यह उनके सपनों के साथ खिलवाड़ है। इसलिए एनएसयूआई सरकार से मांग करती है की इस जांच प्रक्रिया को तत्काल सीबीआई को सौंपी जाए ताकि इस घोटाले के मुख्य चेहरे जनता के सामने आ सके। यदि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो आने वाले दिनों में एनएसयूआई सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। पुतला फूंकने वालों में पूर्व महासंघ महासचिव अंजलि चमोली प्रकाश नेगी,राहुल जग्गी,नमन शर्मा,भाव्या,अमित जोशी,अनंत सैनी,प्रदीप बिजल्वाण,शीशपाल राणा,गौरव,अंकित हर्षित बोरा,अभिषेक अंकित,जैनिस, सागर आदि लोग मौजूद रहे।

# त्रिपाठी की 18वीं पुण्यतिथि पर उक्रांद ने आंदोलन का लिया संकल्प

संवाददाता


देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल ने स्व. विपिन चन्द्र त्रिपाठी की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच के लिए आंदोलन चलाने का संकल्प लिया। आज यहां उक्रांद के शिल्पी, राज्य के थिंक टैंक स्व. विपिन चंद्र त्रिपाठी की 18 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए, भर्ती घोटालों की सीबीआई जाँच के लिए आंदोलन को अंतिम अंजाम तक ले जाने का संकल्प उक्रांद द्वारा लिया गया।

उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, सहित राज्य में सहकारिता भर्ती घोटाला, विश्व विद्यालय भर्ती घोटाला, सचिवालय व विधानसभा रक्षक व अन्य पदों पर बेक डोर भर्ती घोटालों की सी बी आई जांच की मांग को लेकर घंटाघर बडोनी जी की मूर्ति में दूसरे दिन महिला प्रकोष्ठ की निवर्तमान केंद्रीय अध्यक्ष प्रमिला रावत के नेतृत्व में ध रना दिया गया साथ में मीनाक्षी घिल्डियाल, उत्तरा पंत बहुगुणा, शकुंतला रावत, तरुणा जेठूड़ी, किरन रावत, बीना नेगी, तारा देवी, शशि बाला, बिमला बहुगुणा, संगीता उनियाल, सरोज कश्यप मातृ शक्ति साथ में बैठ। धरना स्थल पर दल के पूर्व अध्यक्ष, विचारक व दल के शिल्पी पूर्व विधायक विपिन चंद्र त्रिपाठी की 18 वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दल के पूर्व अध्यक्ष बी डी रतूड़ी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती ने विपिन दा को याद करते हुए उनके संघर्षों से प्रेणा लेकर चलना होगा।

इस अवसर पर सुनील ध्यानी ने कहां कि राज्य निर्माण से लेकर अभीतक हुई सभी भर्तियों की सी बी आई जाँच मांग को अंतिम लड़ाई तक रहेंगे। जय प्रकाश उपाध्याय ने कहां हैं कि भाजपा काँग्रेस इस राज्य को भ्रष्टाचार के दलदल में ले गया जो अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। राजेंद्र बिष्ट ने कहां कि युवाओं को छलने का काम अभी तक की सरकारों ने किया हैं, आज युवा प्रकोष्ठ युवाओं के हको की लड़ाई को उक्रांद लड़ेगा व उनको इंसाफ दिलवाएगा।

प्रमिला रावत ने कहां कि राज्य में व्याप्त भर्ती घोटालों को मातृ शक्ति बर्दाश्त नहीं करेगा। मातृ शक्ति आरपार की लड़ाई लड़ेगा। ये संकल्प विपिन दा के पुण्यतिथि पर ली हैं। संचालन किरन रावत ने किया। इस अवसर पर दीपक गैरोला,केंद्र पाल तोपवाल, राजेंद्र प्रधान, दीपक रावत, रविन्द्र मामगाई, सोमेश बुढ़ाकोटी, मुकेश पाठक, शशिकांत, अशोक नेगी,जितेंद्र पंवार, पंकज उनियाल, रंजन कोठियाल,लुसान तोड़रिया संजय डोभाल, धर्म वीर गुसाई, मनोज चौधरी, सुरेन्द्र चौहान, सोनी, लक्ष्मी रीना देवी, जितेंद्र, डॉ मुकुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने की सहायक नगर आयुक्त से मुलाकात



नगर संवाददाता

हरिद्वार। नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व के चिन्हित सभी वेंडिंग जोन में व्यवस्थित व स्थापित किए जाने की मांग को लेकर लघु व्यापार एसो. से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद के कार्यालय पर मुलाकात कर मांग की है कि सभी लाभार्थी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों की बुकिंग प्रक्रिया के साथ वेंडिंग जोन में व्यवस्थित व स्थापित किया जाये।

इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशन में नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार प्रथम चरण में नगर निगम प्रशासन द्वारा चलती-फिरती, हाथ ठेली के लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया की जा रही है पूर्व के निर्धारित सभी वेंडिंग जोन में स्थापन की प्रक्रिया के साथ बोर्ड लगाने व टेंडर प्रक्रिया की कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया जा चुका है शीघ्र ही आवश्यकता पड़ने पर फेरी समिति की बैठक बुलाकर योजना के प्रचलन में दो वेंडिंग जोन जिनका सर्वे किया जा चुका है अग्रिम कार्रवाई के लिए अनुबंधित कंपनी को प्रशिक्षण किए जाने के साथ आगामी कार्रवाई को आगे बढ़ाने को भी निर्देशित किया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा पूर्व में 5 जून को हुई फेरी समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार अभी तक नगर निगम प्रशासन द्वारा मात्र 3 बिंदुओं पर ही कार्रवाई की जा सकी है जोकि पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा आगे के सभी विषयों पर नगर निगम प्रशासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर केंद्र व राज्य सरकार के संरक्षण में सभी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को स्वरोजगार सुनिश्चित कर शहरी समृद्धि में जोड़ कर मुख्यधारा में लाया जाना न्याय संगत होगा। संजय चोपड़ा ने यह भी कहा 3 मई वर्ष 2022 में केंद्रीय पार्लियामेंट बोर्ड द्वारा भारतवर्ष के सभी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को सोर्लभित स्वरोजगारी के रूप में परिभाषित किया जा चुका है, विषय की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के दृष्टिगत सभी लघु व्यापारियों को नगर निगम प्रशासन की ओर से प्रोत्साहित करना अति आवश्यक है। सहायक नगर आयुक्त से मुलाकात करने वालों में लघु व्यापार एसो. महिला मोर्चा की सह संयोजक पूनम माखन, मनोज कुमार मंडल, तस्लीम अहमद, गौरव चौहान, चुन्नू चौधरी, विजेंद्र सिंह, जय भगवान, भोला यादव, विजय गुप्ता, सचिन राजपूत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह नाकामः लालचंद

नगर संवाददाता



देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें उत्तराखण्ड राज्य में विभिन्न भर्तीयों में हो रहे घोटालों पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता ने बहुत आशा और विश्वास के साथ भाजपा को भारी बहुमत के साथ डबल इंजन का तोहफा दिया था परंतु भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का दावा करने वाली उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है।

उन्होनें कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से वीपीडीओ एवं अन्य पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा में 15- 15 लाख रुपए लेकर पेपर लीक कर नौकरियां बेचने का मामला राज्य के सरकारी विभागों की भर्तियों में भारी भ्रष्टाचार का जीता जागता प्रमाण है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले में लगातार हो रही गिरफ्तारियों से साबित हो गया है कि भाजपा सरकार के साढ़े 5 वर्ष के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार किस हद तक फलता फूलता रहा है ।

उन्होनें कहा की राज्य के सहकारिता विभाग में विभिन्न पदों पर हुई भर्तियों में भ्रष्टाचार एवं अनियमित्ता तथा भाई भतीजावाद की पहले ही पोल खुल चुकी है। सहकारी बैंकों में 61 पदों पर हुई भर्तियों में बैंक अध्यक्ष, सचिव तथा अधिकारियों पर मिलीभगत कर अपने रिश्तेदारों व चहेतो को रेवड़ी बांटने के आरोपों से ऐसा प्रतीत होता है कि सहकारिता विभाग में भर्ती घोटाले को राज्य सरकार की छत्रछाया में अंजाम दिया गया है। उन्होनें कहा कि स्वयं भाजपा सरकार में तत्कालीन राज्यमंत्री यतीश्वरानंद व ज्वालापुर से भाजपा विधायक सुरेश राठौर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत को पत्र लिख कर अवगत कराया कि सहकारिता बैंक भर्ती के नाम पर करोड़ों वसूले जा रहे हैं।

उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग में स्नातक परीक्षा में हुए घोटाले तथा सहकारिता विभाग की भर्तियों में हुए घोटालों के खुलासे तथा सचिवालय रक्षक के 33 पदों तथा न्यायिक कनिष्ठ सहायक के 288 पदों पर हुई भर्ती की जांच के आदेशों से स्पष्ट हो गया है कि इससे पूर्व फॉरेस्ट गार्ड भर्ती ,ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी, एलटी भर्ती सहित कई विभागों की लिपिकीय व चालकों की भर्ती में भी भारी घोटाला हुआ है तथा यह सभी भर्तियां संदेह के घेरे में हैं।

उन्होनें कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग परीक्षा में हुए घोटाले के खुलासे के बाद सबसे पहले जिस व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है उसी कंपनी से जुड़ा है जिस कंपनी द्वारा इसी वर्ष विधानसभा चुनावों से पहले विधानसभा सचिवालय के लिए सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधानसभा सचिवालय के लिए हुई सीधी भर्ती के परीक्षा परिणाम पर रोक लगाना भर्ती घोटाले की ओर इशारा करता है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाले में अब तक जितने भी घोटालेबाज पुलिस की गिरफ्त में आए हैं सिर्फ मोहरे मात्र हैं। कहा कि राज्य में हुए सभी भर्ती घोटालों की उच्च स्तरीय जांच से ही असली घोटाले बाजों तक पहुंचा जा सकता है जो कि राज्य हित में अत्यंत आवश्यक है। कहा कि कांग्रेस लगातार मांग करती आ रही है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सहकारिता विभाग ,शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में हुए घोटालों की उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए जिससे इन घोटालों में सत्ता प्रतिष्ठान ,अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सचिवालय ,विधानसभा में बैठे बड़े-बड़े चेहरे बेनकाब हो सकेंगे।

## शराब पिलाने पर कैफे संचालक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। कैफे में अवैध रूप से शराब पिलाने पर पुलिस ने कैफे संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि खलंगा के पास एक कैफे में अवैध रूप से शराब पिलायी जा रही है। जिसके बाद पुलिस ने कैफे पर छापा मारा तो वहां पर लोगों को शराब पीते हुए देखा। जिसके बाद पुलिस ने कैफे संचालक नालापानी निवासी अपर्ण भण्डारी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सुबह ट्विन टावर गिराए जाने थे, पूरी रात मुझे नींद नहीं आईः आरके अरोड़ा

नई दिल्ली । नोएडा में बीते दिन सुपरटेक के ट्विन टावर जमींदोज किए जा चुके हैं। ट्विन टावर को बनाने में नियमों के उल्लंघन के जो आरोप लगे थे, सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा से जब पूछा गया कि रविवार को जब ट्विन टावर गिराए गए तो क्या उन्होंने देखा? इस सवाल के जवाब में सुपरटेक के चेयरमैन ने कहा, श्जब सुबह ट्विन टावर गिराए जाने थे, उस पूरी रात मुझे नींद ही नहीं आई। मुझे यही चिंता थी कि टावर गिरने से आसपास की इमारतों को कोई नुकसान ना पहुंचे। इसलिए ही हम सबसे बेहतर बिल्डिंग गिराने वाली एक्सपर्ट कंपनी को लेकर आए थे, जिससे किसी कोई नुकसान न पहुंचेश अरोड़ा ने आगे कहा कि टावर का गिराया जाना उनके लिए बहुत दुखदाई क्षण था, अरोड़ा ने कहा कि हमने टावर गिराने कि लिए पैसे दिए। साथ ही टावर में मकान खरीद चुके लोगों के पैसे भी ब्याज समेत लौटाए हैं। आरके अरोड़ा ने दावा किया कि ट्विन टावर एमरल्ड कोर्ट में बनने थे ये बात पहले से तय थी, लेकिन उनकी हाइट 40 मंजिल तक बढ़ाने की इजाजत बाद में ली गई थी। आरके अरोड़ा का कहना था कि उन्होंने कोई नियम नहीं तोड़ा था, उनके मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने टावर तोड़ने का ऑर्डर इसलिए दिया क्योंकि ट्विन टावर की हाइट बढ़ाने से पहले वहां पहले से मौजूद 15 टावर के लोगों से इजाजत नहीं ली गई थी। अरोड़ा ने इसपर सफाई देते हुए कहा कि यह अनुमति लेने का काम अथॉरिटी का था।

# बगदाद हिंसा में अब तक कम से कम 20 लोगों की मौत, सैकड़ों घायल

नई दिल्ली । इराक में ताकघ्तवर शिया नेता और मौलवी मुक्तदा अल-सद्र के राजनीति से संन्यास लेने के एलान के बाद उनके समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच बगदाद में लगातार दूसरे दिन जोरदार हिंसक झड़प हो रही है। हिंसा में अब तक कम-से-कम 20 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग घायल बताए जा रहे हैं। बगदाद के अलावा बसरा, नजफ, नासिरिया और हिल्ला शहरों से भी हिंसा की खबरें आ रही हैं। हिंसा की शुरूआत मुक्तदा अल-सद्र के राजनीति से संन्यास लेने के एलान के बाद हुई। पिछले वर्ष अक्टूबर में इराक में हुए संसदीय चुनाव में उनके गुट को सबसे ज्यादा सीटें मिली थीं, मगर उन्होंने सरकार बनाने के लिए दूसरे ईरान-समर्थित शिया गुटों से वार्ता करने से इनकार कर दिया। इराकघ में 10 महीने बाद भी नई सरकार नहीं बन पाने से कायम राजनीतिक गतिरोध के बीच महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इससे लोगों में अंतरिम सरकार के प्रति काफी नाराजगी है। सोमवार को मुक्तदा सद्र के संन्यास के एलान के बाद राजधानी बगदाद में रात भर हिंसक घटनाएं होती रहीं। इसे पिछले कुछ सालों में वहाँ हुई सबसे बड़ी हिंसक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों से जुड़े मामलों को बंद करने का आदेश दिया

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लेते हुए गुजरात दंगों से जुड़े मामलों को बंद करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गुजरात दंगों को लेकर दायर याचिकाओं का अब कोई मतलब नहीं रह गया है। सीजेआई जस्टिस यूू ललित की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि गुजरात दंगों के 9 में से 8 मामलों में ट्रायल खत्म हो गया है और गुजरात के नरोदा गांव एक मामले में अंतिम बहस चल रही है। इतना समय गुजरने के बाद इन मामलों पर सुनवाई करने का कोई मतलब नहीं है। गौरतलब है कि गुजरात के गोधरा स्टेशन पर 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। जिसमें जलकर 59 कारसेवक की मौत हो गई थी। ये सभी कारसेवक अयोध्या से लौट रहे थे। इसके बाद गोधरा में दंगे हुए थे और बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों को निशाना बनाया गया था।

# केआरके को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया

मुंबई। विवादित ट्वीट मामले में गिरफ्तार कमाल राशिद खान को बोरीवली कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि कमाल राशिद खान को 2020 में उनके विवादित ट्वीट को लेकर आज मलाड पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कमाल आर खान के खिलाफ मलाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। बॉलीवुड और सेलेब्स पर उनके ट्वीट को लेकर कमाल राशिद खान अक्सर बॉलीवुड एक्टर्स के निशाने पर भी रहते हैं। केआरके ने कुछ फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा उन्होंने कई प्रोजेक्ट भी प्रोड्यूस किए हैं। वे बिग बॉस का हिस्सा भी रह चुके हैं। बता दें कि शिवसेना युवा सेना के नेता राहुल कनाल ने कमाल आर खान के खिलाफ मलाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल, 2020 में केआरके ने इरफान खान और ऋषि कपूर के बारे में विवादस्पद ट्वीट किया था।

# स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है पालक

पालक में जो गुण पाए जाते हैं, वे सामान्यत: अन्य शाक-भाजी में नहीं होते। यही कारण है कि पालक स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है, सर्वसुलभ एवं सस्ता है।



गुण और लाभ - इसमें पाए जाने वाले तत्वों में मुख्य रूप से कैल्शियम, सोडियम, क्लोरीन, फास्फोरस, लोहा, खनिज लवण, प्रोटीन, श्वेतसार, विटामिन %ए% एवं %सी% आदि उल्लेखनीय हैं। इन तत्वों में भी लोहा विशेष रूप से पाया जाता है।

लौह तत्व मानव शरीर के लिए उपयोगी, महत्वपूर्ण, अनिवार्य होता है। लोहे के कारण ही शरीर के रक्त में स्थित रक्ताणुओं में रोग निरोधक क्षमता तथा रक्त में रक्तिमा (लालपन) आती है। लोहे की कमी के कारण ही रक्त में रक्ताणुओं की कमी होकर प्राय: पाण्डु रोग उत्पन्न हो जाता है।

लौह तत्व की कमी से जो रक्ताल्पता अथवा रक्त में स्थित रक्तकणों की न्यूनता होती है, उसका तात्कालिक प्रभाव मुख पर विशेषत: ओष्ठ, नासिका, कपोल, कर्ण एवं नेत्र पर पड़ता है, जिससे मुख की रक्तिमा एवं कांति विलुप्त हो जाती है। कालान्तर में संपूर्ण शरीर भी इस विकृति से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता।

लोहे की कमी से शक्ति ह्रास, शरीर निस्तेज होना, उत्साहहीनता, स्फूर्ति का अभाव, आलस्य, दुर्बलता, जठराग्नि की मंदता, अरुचि, यकृत आदि परेशानियां होती हैं।

पालक की शाक वायुकारक, शीतल, कफ बढ़ाने वाली, मल का भेदन करने वाली, गुरु (भारी) विष्टम्भी (मलावरोध करने वाली) मद, श्वास,पित्त, रक्त विकार एवं ज्वर को दूर करने वाली होती है।

आयुर्वेद के अनुसार पालक की भाजी सामान्यत: रुचिकर और शीघ्र पचने वाली होती है। इसके बीज मृदु, विरेचक एवं शीतल होते हैं। ये कठिनाई से आने वाली श्वास, यकृत की सूजन और पाण्डु रोग की निवृत्ति हेतु उपयोग में लाए जाते हैं।

गर्मी का नजला, सीने और फेफड़े की जलन में भी यह लाभप्रद है। यह पित्त की तेजी को शांत करती है, गर्मी की वजह से होने वाले पीलिया और खांसी में यह बहुत लाभदायक है।

रासायनिक विश्लेषण - पालक की शाक में एक तरह का क्षार पाया जाता है, जो शोरे के समान होता है, इसके अतिरिक्त



इसमें मांसल पदार्थ 3.5 प्रतिशत, चर्बी व मांस तत्वरहित पदार्थ 5.5 प्रतिशत पाए जाते हैं।

पालक में लोहा काफी मात्रा में पाया जाता है। इसके अतिरिक्त इसमें पाए जाने वाले तत्वों में कैल्शियम, सोडियम, क्लोरीन, फास्फोरस, खनिज लवण, प्रोटीन, श्वेतसोर आदि मुख्य हैं।

स्त्रियों के लिए लाभकारी -

स्त्रियों के लिए पालक का शाक अत्यंत उपयोगी है। महिलाएं यदि अपने मुख का नैसर्गिक सौंदर्य एवं रक्तिमा (लालिमा) बढ़ाना चाहती हैं, तो उन्हें नियमित रूप से पालक के रस का सेवन करना चाहिए।

विभिन्न रोगों में पालक का उपयोग - पालक की पत्तियों को बिना पानी डाले कुचलकर उसका रस निकालकर लगभग १०० मि.ली. पीने से पेट खूब साफ हो जाता है। इसे प्रात: 8 बजे पीना चाहिए। अन्य विकारों में भी पालक का रस इसी प्रकार सेवन करना चाहिए।

इसका काढ़ा ज्वर प्रधान रोगों में दिया जाता है। गले की जलन दूर करने के लिए इसका रस विशेष उपयोगी है। आँतों के रोग में पालक की तरकारी विशेष हितकर है, क्योंकि इसमे आँत को त्रास देने वाले तत्वों का अभाव है।

पालक से अनेक विकारों में लाभ होता है, जैसे घाव देरी से भरना, रतौंधी, श्वेतप्रदर, भूख कम लगना, अजीर्ण, दंतक्षय या पायरिया, नेत्रशूल, क्षय रोग, बालों का गिरना, सिर दर्द, बेरी-बेरी, शक्ति का ह्रास, अतिसार, संग्रहणी, चक्कर आना, घातक रक्तक्षय, पाण्डु रोग, कामला, शरीर का भार घटना, वमन, स्मरण शक्ति का क्षय, दांत के रोग, जिह्वा तथा अन्नप्रणालीय शोथ आदि।

मूंग की दाल (छिलके सहित) को पकाकर, उसमें पालक के पत्ते मिलाकर, उसका संस्कारित सूप रोगी के लिए हितकारी है। स्वस्थ व्यक्ति भी इसका नियमित सेवन कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -47


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 46 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# टाइगर और श्रद्धा कपूर एक बार फिर बड़े मियां छोटे मियां में स्क्रीन करेंगे शेयर

बॉलीवुड के सबसे फिट एक्टर टाइगर श्रॉफ और अपनी क्यूटनेस से सबका दिल जीतने वाली श्रद्धा कपूर फिर एक बार पर्दे पर साथ में दिखेंगे. दोनों की जोड़ी लंबे समय बाद एक और फिल्म का रीमेक साथ में करने वाली है. आपको बता दें



कि टाइगर और श्रद्धा को आखिरी बार साथ में 2016 में आई फिल्म बागी में देखा गया था. बागी साउथ की हिट फिल्म वर्षम का हिंदी रीमेक था. फिल्म ने पर्दे पर अच्छी कमाई की थी. रिपोर्ट्स के मुताबिक टाइगर और श्रद्धा फिल्म बड़े मियां छोटे मियां जो गोविंदा और अमिताभ की एक हिट फिल्म उसके रीमेक में नजर आने वाले हैं. फिल्म में टाइगर छोटे मियां तो अक्षय कुमार बड़े मियां के किरदार में नजर आएंगे. फिल्म 2023 में रिलीज हो सकती है. साथ ही इस फिल्म को बॉलीवुड एक्टर जैकी भगनानी प्रोड्यूस करने वाले हैं. कुछ दिन पहले फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की शूटिंग रुकने की खबरें सामने आई थीं. वजह एक्टर्स द्वारा ज्यादा फीस की डिमांड बताई गई, लेकिन जैकी भगनानी ऐसी खबरों को अफवाह बताते रहे. बड़े मियां और छोटे मियां फिल्म अमिताभ बच्चन और गोविंदा के करियर की जबरदस्त हिट थी. फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया था. बता दें कि फिलहाल टाइगर श्रॉफ अपनी अपकमिंग फिल्म स्क्रू ढीला है में व्यस्त हैं. फिल्म जल्दी ही रिलीज होने वाली है. साथ ही उनकी फिल्म गणपथ की भी शूटिंग जारी है. वहीं श्रद्धा काफी लंबे ब्रेक के बाद फिर से पर्दे पर आएंगी. आखिरी बार उन्हें प्रभास के अपॉजिट साहो में देखा गया था.

# सुनील ग्रोवर ने इंडियाज लाफ्टर चैंपियन के प्रतियोगियों को बताया कॉमेडी का जेम्स बॉन्ड

कॉमेडियन सुनील ग्रोवर इंडियाज लाफ्टर चैंपियन में नजर आएंगे। उन्होंने शो में होने का अपना अनुभव साझा किया और प्रतियोगियों को कॉमेडी का जेम्स बॉन्ड कहा। वे कहते हैं, बहुत मजा आया! सभी प्रतियोगी टाई पहनकर आए थे, और मुझे ऐसा लगा कि वे सभी कॉमेडी के जेम्स बॉन्ड हैं! मेरा दिल इस सोच से व्यथित था कि कौन जीतेगा। हम हंसे और हमें बहुत मजा आया।शो के बारे में उन्हें सबसे ज्यादा क्या पसंद आया और किस चीज ने उन्हें आकर्षित किया, इस पर सुनील ग्रोवर ने कहा, इस शो की सबसे बड़ी यूएसपी यह है कि इसमें काफी विविधता है। कोई मिमिक्री कर रहा है, कोई वेंट्रिलोक्विस्ट है, कोई उनके



चुटकुले गा रहा है, कोई शायरी पढ़ रहा है, किसी की अवलोकन शक्ति अच्छी तरह से स्पष्ट है इसलिए कॉमेडी के इस गुलदस्ते को देखना मजेदार था। उन्होंने आगे विस्तार से बताया कि इस शो ने कॉमेडियन को अपनी प्रतिभा दिखाने और एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान कियाये सभी पुराने चावल हैं। वे लंबे समय से कॉमेडी इंडस्ट्री में हैं। हम उन्हें लंबे समय से देख रहे हैं। यह कुछ लोगों के लिए पहली बार हो सकता है लेकिन सभी के लिए नहीं। इंडियाज लाफ्टर चैंपियन ग्रैंड फिनाले का प्रसारण 27 अगस्त को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर किया जाएगा।

# मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा 'रंगा रंगा वैभवंगा' का ट्रेलर रिलीज

निर्देशक गिरीशया की तेलुगु रोमांटिक-कॉमेडी 'रंगा रंगा वैभवंगा' आधिकारिक ट्रेलर जारी हो गया। फिल्म में वैष्णव तेज और केतिका शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। बीवीएसएन प्रसाद द्वारा निर्मित और श्री वेंकटेश्वर सिने चित्रा के बैनर तले बापीनेडु बी द्वारा प्रस्तुत फिल्म, दो युवाओं के बारे में है जो लगातार एक दूसरे के साथ झगड़ते रहते हैं। वैष्णव तेज फिल्म में एक डॉक्टर की भूमिका निभा रहे हैं और केतिका उन्हें बहुत कम उम्र से जानती है। दोनों में काफी ज्यादा इगो है और दूसरे से पहले माफी मांगने की अपेक्षा करते हैं। जहां दोनों एक दूसरे के साथ झगड़ते रहते हैं, वहीं उनके परिवार एक-दूसरे की कंपनी को काफी पसंद करते हैं। ट्रेलर से यह पता चलता है कि मनोरंजन से भरपूर इस फिल्म में काफी ड्रामा भी है। फिल्म, जिसमें देवी श्री प्रसाद का संगीत है, का छायांकन शमदत सैनुद्दीन ने किया है।

# मौका मिला तो साउथ फिल्मों में भी काम करना चाहुंगी: स्मृति श्रीकांत



दिल्ली की रहने वाली अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने हाल ही में अपना धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू किया है। स्मृति श्रीकांत हालिया रिलीज हुई अक्षय कुमार स्टारर फिल्म रक्षाबंधन में एक अहम किरदार में नजर आई हैं। अदाकारा ने इस फिल्म में अक्षय कुमार की बहन लक्ष्मी का किरदार निभाया है। जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इस फिल्म में अक्षय कुमार की सांवली बहन लक्ष्मी का किरदार निभाकर सफल बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने बताया कि उन्हें कैसे निर्देशक आनंद एल रॉय के प्रोडक्शन बैनर तले बनी इस फिल्म का ऑफर मिला और फिल्म की शूटिंग के दौरान अक्षय कुमार के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा?

मूल रूप में चेन्नई से ताल्लुक रखने वाली स्मृति श्रीकांत ने खुलासा किया कि अगर उन्हें मौका मिला तो वो साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में भी काम करना चाहेंगी। यही नहीं, अदाकारा ने बताया कि वो साउथ के किन हीरो के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हैं। अक्षय कुमार के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा ये एक सपने के सच होने के जैसा था। मेरी पहली फिल्म अक्षय कुमार के साथ हुई। जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला था तब मुझे इस बारे में नहीं बताया गया था। पहले मैने इस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया। इसके बाद काफी दिन बाद मुझे प्रोडक्शन कंपनी से कंफर्मेशन का कॉल आया था। उस वक्त तो मैं खुद भी भूल गई थी कि मैंने कब इस फिल्म का ऑडिशन दिया था। क्योंकि 3-4 महीने हो गए थे। फिर जब मुझे पता चला कि फिल्म अक्षय कुमार के साथ है, निर्देशक आनंद एल राय बना रहे हैं तो मैं सांतवे आसमान पर थी।

इसके अलावा अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा क्योंकि फिल्म चार बहनों और अक्षय कुमार के किरदार के ईर्द-गिर्द ही घूमती है तो मैं इसे लेकर काफी एक्साइटेड थी। उन्होंने बताया कि निजी जिंदगी में भी उन्होंने सांवले रंग की वजह से लोगों से बातें सुनी हैं। फिल्म में भी उनका किरदार कुछ वैसा ही था। तो वो अपने इस किरदार से काफी कनेक्टेड फील कर पाई थीं।

अदाकारा स्मृति श्रीकांत ने इस इंटरव्यू में साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में भी काम करने को लेकर उत्सुकता जताई। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वो जरूर साउथ फिल्मों में काम करना चाहेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं साउथ फिल्मों में जरूर काम करना चाहूंगी।

# कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्मों को दी मात

पिछले काफी समय से बॉलीवुड फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होती जा रही हैं. वहीं साउथ फिल्में लगातार थिएटर पर अच्छी कमाई कर रही हैं. हाल ही में छोटे बजट की फिल्म कार्तिकेय 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म रिलीज को दो हफ्ते हो चुके हैं वहीं फिल्म की कमाई लगातार बढ़ रही है. आइए जानते हैं फिल्म ने अब तक कितनी कमाई की है.

कार्तिकेय 2 को बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद किया जा रहा है. फिल्म ने आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा और अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है. निखिल सिद्धार्थ की इस फिल्म ने अब तक कंगना से लेकर राज कुमार राव जैसे बड़े स्टार्स की फिल्म को धूल चटा दी है.

छोटे बजट में बनी साउथ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने इंटरनेट पर धमाल मचा रही है. वहीं अगर फिल्म की कमाई पर बात करें तो जाने-माने ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कार्तिकेय 2 फिल्म की कमाई शेयर करती है. फिल्म में हिंदी बेल्ट में अब तक 1.25 करोड़ रुपये की कमाई की है. शुक्रवार को फिल्म ने 2.46 करोड़ और शनिवार को फिल्म की कमाई का आंकड़ा बढ़कर 3.04 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं फिल्म की टोटल कमाई की बात करें तो फिल्म ने अब तक 30 करोड़ की कमाई की है. तमिल स्टार निखिल सिद्धार्थ की फिल्म महज 15 करोड़ रुपये में बनी है. छोटे बजट में बनी इस फिल्म में थिएटर में तहलका मचा दिया है. फिल्म में अपने बजट से लगभग डबल कमाई की है. फिल्म ने हिंदी और तेलुगू वर्जन में अब तक 30 करोड़ रुपये की कमाई की है. फिल्म की सफलता के बाद मेकर्स पार्ट 3 बनाने वाले हैं.

# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई राजकुमार और सान्या की हिट द फर्स्ट केस

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म हिट द फर्स्ट केस 15 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। अब फिल्म ह्ब्ब्ब्ब्झ पर उतरने के लिए तैयार है। यह फिल्म 28 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 7 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अब निर्माताओं को फल्म के लिए अच्छी प्रतिक्रिया की उम्मीद है।





फिल्म में राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा मुख्य किरदार में हैं। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है और राजकुमार एक पुलिस अफसर की भूमिका हैं। वहीं, सान्या, राजकुमार की लेडी लव के किरदार में नजर आई हैं। हिट द फर्स्ट केस इसी नाम से बनी तेलुगु फिल्म का रीमेक है। फिल्म का निर्देशन शैलेश कोलानु ने किया है। वहीं इसका निर्माण टी-सीरीज ने दिल राजू प्रोडक्शन्स के साथ मिलकर किया है।

फिल्म के बड़े पर्दे पर आने से पहले राजकुमार और सान्या ने इसका खूब प्रमोशन किया था। एक कार्यक्रम में राजकुमार ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा था कि यह उनका अब तक का सबसे अलग अवतार है। उन्होंने कहा था, हिट के पहले मुझे किसी ने ऐक्शन फिल्म नहीं दी थी। मैंने इसका भरपूर लुत्फ लिया है। इसका ऐक्शन असली है। इस फिल्म को लेकर मैं गौरवान्वित हूं। इसमें मेरा अलग अवतार देखने को मिलेगा।

बीते दिनों आलिया भट्ट की डार्लिंग्स नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दुनियाभर से दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म के वॉच आवर अब भी बढ़ रहे हैं।

राजकुमार इन दिनों जाह्नवी कपूर के साथ फिल्म मिस्टर ऐंड मिसेज माही की शूटिंग कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा भी अपनी अगली फिल्म सैम बहादुर की शूटिंग कर रही हैं।

फिल्म में वह सैम मानेकशॉ का किरदार निभा रहे विक्की कौशल के ऑपोजिट दिखेंगी।

# कांग्रेस के लिए फैसले की घड़ी

अजीत द्विवेदी

पिछले तीन साल से कांग्रेस पार्टी जिस असहज स्थिति को टाल रही थी वह स्थिति आ गई है। अब कांग्रेस को तय करना है कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? कांग्रेस को यह भी तय करना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उसकी क्या रणनीति होगी? उसे यह भी तय करना है कि वह लोकप्रिय विमर्श को लेकर आगे बढ़ेगी या अलोकप्रिय होने का जोखिम लेकर अपने सिद्धांतों पर चलेगी। कांग्रेस को कई और फैसले करने हैं लेकिन ये तीन चीजें सबसे मुख्य हैं। सबसे पहले अध्यक्ष, फिर सिद्धांत और तब चुनावी रणनीति। इन तीनों पर इस समय चर्चा का करने का मकसद यह है कि कांग्रेस ये तीनों फैसले करने के मुहाने पर खड़ी है। उसे अगले कुछ दिनों में ये तीनों फैसले करने हैं। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष का फैसला तीन साल से टाल रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने 2019 में इस्तीफा दे दिया था। तब से सोनिया गांधी खराब सेहत के बावजूद अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर काम कर रही हैं।

अब कांग्रेस का पूर्णकालिक अध्यक्ष चुने जाने का समय आ गया है। कांग्रेस की पिछली कार्य समिति की बैठक में तय हुआ था कि 20 अगस्त से 21 सितंबर के बीच अध्यक्ष चुना जाएगा। सो, उम्मीद करनी चाहिए कि 21 सितंबर से पहले पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। कांग्रेस को जो तीन फैसले करने हैं उनमें सबसे अहम यहीं है कि कौन होगा पार्टी का अध्यक्ष? राहुल गांधी की कमान में कांग्रेस ने 2018 में हुए राज्यों के चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। कर्नाटक में पांच साल की एंटी इन्कंबैंसी के बावजूद कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा था और उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 के चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह हारी, जिसके बाद राहुल ने इस्तीफा दे दिया। कह सकते हैं कि चुनावी प्रदर्शन के लिहाज से राहुल की अध्यक्षता में कोई कमी नहीं है। वैसे भी डीफैक्टो अध्यक्ष के रूप में वे ही काम कर रहे हैं। सो, वे अध्यक्ष बन जाएं तो कांग्रेस में पिछले कई सालों से बनी अनिश्चितता खत्म हो जाएगी।

परंतु इसके दूसरे खतरे हैं। भाजपा को यह कहने का मौका मिलेगा कि कांग्रेस में अध्यक्ष पद एक परिवार के लिए आरक्षित है। ध्यान रहे पिछले 24 साल से दो साल के राहुल के कार्यकाल को छोड़ दें तो सोनिया गांधी अध्यक्ष हैं। यानी 24 साल से दो लोग अध्यक्ष हैं, जबकि भाजपा में इन 24 सालों में नौ अध्यक्ष बने हैं। इससे यह संदेश जाता है कि भाजपा में कोई भी अध्यक्ष बन सकता है, जबकि कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इस धारणा को तोड़ने के लिए नेहरू-गांधी परिवार की जगह किसी दूसरे नेता को अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसका पहला फायदा ये है कि कम से कम सैद्धांतिक रूप से यह कहने का मौका मिलेगा कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी नहीं है। दूसरे, राहुल गांधी के ऊपर से फोकस हटेगा। अभी सत्तारूढ़ भाजपा के हमले का एकमात्र निशाना राहुल हैं, जबकि किसी और को अध्यक्ष बनाने पर एक दूसरा चेहरा भी मिलेगा, जिस पर हमले होंगे। फोकस हटने के बाद राहुल संगठन और प्रचार के काम पर बेहतर ध्यान दे पाएंगे। एक फायदा यह भी हो सकता है कि मीडिया उनको प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना बंद करे। अगर नहीं बंद करे तो उनको आगे बढ़ कर यह ऐलान करना चाहिए कि वे किसी हाल में पीएम पद की रेस में नहीं हैं।

अगर नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का कोई नेता अध्यक्ष बनता है तो क्या होगा?




इंदिरा और राजीव गांधी का युग समाप्त होने के बाद परिवार से बाहर के दो लोग अध्यक्ष बने थे। पहले पीवी नरसिंह राव और फिर सीताराम केसरी। इन दोनों के साथ सोनिया गांधी का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। दोनों ने सोनिया गांधी को हाशिए में डालने और पार्टी अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास किया था। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि अगर नरसिंह राव को एक कार्यकाल और मिल जाता तो कांग्रेस पार्टी स्थायी रूप से नेहरू-गांधी परिवार के हाथ से निकल जाती। यह संयोग हुआ कि कांग्रेस चुनाव हार गई और उसके बाद सीताराम केसरी अध्यक्ष बने। उनके नियंत्रण से भी सोनिया और उनके करीबियों ने कांग्रेस को कैसे निकाला यह लंबी कहानी है। तभी परिवार में बाहरी किसी नेता को लेकर हिचक है। हालांकि तब यह स्थिति थी कि सोनिया ने कभी राजनीति नहीं की थी और राहुल व प्रियंका दोनों बच्चे थे। अब स्थिति बदल गई है। अब सोनिया व राहुल दोनों अध्यक्ष रह चुके हैं और सोनिया अपनी क्षमता से कांग्रेस को दो बार केंद्र की सत्ता में बैठा चुकी हैं। इसलिए कोई बाहरी नेता अध्यक्ष बना तब भी वह पार्टी पर कब्जा करने की नहीं सोच सकता है। इसलिए जिस तरह भाजपा में पार्टी का चाहे जो भी अध्यक्ष हो वह शीर्ष नेताओं के हिसाब से काम करता है वैसी ही स्थिति सोनिया और राहुल कांग्रेस में बना सकते हैं।

दूसरा फैसला सिद्धांत बनाम लोकप्रिय विमर्श का है। कांग्रेस शुरू से सर्वधर्म समभाव की राजनित करती रही है और इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द जुड़वाए थे। अभी लोकप्रिय विमर्श पूंजीवाद को बढ़ावा देने और एक धर्म की सत्ता स्थापित करने का है। कुछ समय तक राहुल गांधी ने यह राजनीति की है।

उन्होंने भी चारों धामों की यात्रा की है और जनेऊ दिखा कर अपनी जाति व गोत्र भी बताया है। इतना करने के बाद भी लेफ्ट पार्टियों के बाद कांग्रेस इकलौती बड़ी पार्टी है, जिसने गुजरात में बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई का विरोध किया। सो, कांग्रेस अब भी मतदाताओं के मूड और अपने पारंपरिक सिद्धांतों व मान्यताओं के बीच सामंजस्य बैठाने की कोशिश कर रही है। लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा कि देश की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी चुनाव जीतने की हड़बड़ी में लोकप्रिय विमर्श को अपनाने का लोभ न पाले। उसे राष्ट्रवाद और सांप्रदायिकता के बरक्स जन सरोकार के मुद्दे उठा कर उन्हीं को राष्ट्रवाद के मुद्दों में तब्दील करना होगा। अपनी भारत जोड़ो यात्रा से पहले राहुल गांधी ने जिस तरह सिविल सोसायटी के लोगों के साथ संवाद किया वह आश्वस्त करने वाला है कि कांग्रेस भटक नहीं रही है। यह जोखिम का काम था क्योंकि सिविल सोसायटी को सोशल मीडिया में टुकड़े टुकड़े गैंग के तौर पर स्थापित किया गया है।

तीसरा फैसला अगले चुनाव की रणनीति को लेकर करना है। कांग्रेस के लोग कह सकते हैं कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद जैसी स्थितियां बनेंगी उसके हिसाब से यह फैसला होगा। लेकिन सवाल है कि क्या तब तक बाकी पार्टियां बैठ कर इंतजार करेंगी? अगर कांग्रेस को अपनी यात्रा के बाद ही फैसला करना है तब भी उसे देश की समान विचारधारा वाली सभी पार्टियों से संवाद करना होगा।

उनकी राय लेनी होगी। अगर उन्हें कांग्रेस की कमान में अगला चुनाव लड़ने में आपत्ति है तो उस पर ईमानदारी से ध्यान देना होगा। सबसे बड़ी पार्टी होने के नेता कांग्रेस नेतृत्व करने को अगर स्वाभाविक हक मानती है तो यह नुकसानदेह हो सकता है। उसे इस पर आम सहमति बनानी होगी। दूसरी ओर किसी अन्य पार्टी के नेता के दावे को स्वीकार करके लड़ना भी कांग्रेस के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए उस स्थिति से भी बचना है।

## सू- दोकू क्र.47

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.46का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

## एजेंसी की कार्रवाई में नया राजनीतिक ट्विस्ट

केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती रही हैं कि केंद्र सरकार बदले की भावने से कार्रवाई कर रही है। यह भी कहा जाता रहा है कि विपक्ष को कमजोर करने, उसकी साख खराब करने और उसके कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई हो रही है। अब इसमें नया ट्विस्ट आ गया है। अब जिसके यहां कार्रवाई हो रही है वह कह रहा है कि भाजपा ने उसे पार्टी तोड़ने का प्रस्ताव दिया था। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि भाजपा ने प्रस्ताव दिया था कि वे आम आदमी पार्टी तोड़ दें तो उनको भाजपा मुख्यमंत्री बनाएगी और उनके सारे केस खत्म हो जाएंगे। उनसे पहले यहीं आरोप महाराष्ट्र में शिव सेना के नेता संजय राउत ने लगाए थे। सिसोदिया और संजय राउत दोनों ने आरोप लगाने के बाद यह भी कहा कि वे टूट जाएंगे पर झुकेंगे नहीं।

अभी कई और जगह से ऐसी बातें सुनने को मिल सकती हैं। जैसे अगर झारखंड में हेमंत सोरेन और उनके परिवार के ऊपर कार्रवाई होती है तो वे या उनके समर्थक कह सकते हैं कि भाजपा उनको अपने साथ आने का प्रस्ताव दे रही थी लेकिन उन्होंने मना कर दिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो गई। वैसे भी एजेंसियों की साख अब ऐसी ही हो गई है कि वे सिर्फ विपक्षी नेताओं के यहां छापे मारते हैं और उन्हीं पर कार्रवाई करते हैं। इस नए राजनीतिक ट्विस्ट से एजेंसियों की साख और खराब होगी। विपक्षी पार्टियों को जनता के बीच अपने को पाक साफ दिखाने का एक तरीका इसमें मिल गया है। यह अलग बात है कि भाजपा जिनको प्रस्ताव दे रही है, वे सचमुच टूट जा रहे हैं और भाजपा के साथ चले जा रहे हैं। जैसे महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे शिव सेना के 40 विधायकों के साथ भाजपा में चले गए। उत्तराखंड में अरविंद केजरीवाल ने रिटायर कर्नल अजय कोठियाल को अपना मुख्यमंत्री पद का दावेदार बनाया था और चुनाव के बाद कोठियाल भाजपा में चले गए। आरोप लगाने वाले दोनों नेता सिसोदिया और राउत यह नहीं बता रहे हैं कि भाजपा में से किस ने प्रस्ताव दिया था। सूत्रों के हवाले से आप नेताओं ने मीडिया में खबर चलवाई है कि भाजपा ने फोन किया था। सवाल है कि क्या किसी ने फोन पर कहा कि 'हेलो मैं भाजपा बोल रहा हूं'? आरोप लगाया है तो फोन करने वाले का नाम बताना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं है कि नाम सही समय पर बताएंगे। झारखंड में सत्तापक्ष के एक विधायक ने प्रलोभन देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर भी मुकदमा दर्ज कराया है। सिसोदिया को भी प्रलोभन देने वाले पर मुकदमा दर्ज कराना चाहिए और कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। (आरएनएस)

## नवनियुक्त महामंत्री चौधरी व उपाध्यक्ष नीरू को जोशी ने दी बधाई

देहरादून (सं)। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी व उपाध्यक्ष नीरू देवी को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बधाई दी। आज यहां भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखण्ड के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी एवं उपाध्यक्ष नीरु देवी ने मंगलवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी से उनके कैम्प कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में मुलाकात के दौरान मंत्री ने दोनों प्रदेश पदाधिकारियों का पौधा देकर स्वागत किया। मंत्री ने दोनों पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह बिष्ट, मंयक गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस ने गूलरघाटी चौक के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रेमदत्त सकलानी निवासी गूलरघाटी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अधीनस्थ चयन आयोग की सभी भर्तियों की जांच सीबीआई से करायी जाये:कापडी

संवाददाता

देहरादून। नेता सदन व खटीमा से कांग्रेस विधायक भुवन कापडी ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अधीनस्थ चयन आयोग की सभी भर्तियों की जांच सीबीआई से कराये जाने की मांग की है।

आज यहां अधीनस्थ चयन आयोग भर्ती घोटालों की जांच सीबीआई से कराने के लिए उप नेता सदन भुवन कापड़ी द्वारा देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं देश के गृहमंत्री को पत्र लिखकर उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए अधीनस्थ चयन आयोग के सभी भर्ती घोटालों की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। भुवन कापड़ी ने कहा के लगातार उत्तराखंड में अधीनस्थ चयन आयोग की हर भर्तियों में गड़बड़ियां सामने आ रही है भर्ती घोटालों के अपराध ी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से पकड़े जा रहे हैं लगातार कांग्रेस द्वारा सभी भर्ती घोटालों की जांच सीबीआई से कराने के लिए कहा जा रहा हैं कांग्रेस द्वारा राज्यपाल उत्तराखंड को ज्ञापन देकर सीबीआई जांच की मांग की भुवन कापड़ी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री गृह सचिव एवं न्याय सचिव को देवभूमि के युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सीबीआई से जांच कराने की मांग लगातार की जा रही है सरकार द्वारा इस मांग को लगातार नहीं माना जा रहा है। इसी को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है की सैकड़ों शहादतओं के बाद मिले राज्य के युवाओं के भविष्य से सरकार के लचीलेपन के कारण लगातार भर्ती घोटाला माफिया मेहनती युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है उनके द्वारा प्रध ानमंत्री से मांग की गई कि उत्तराखंड में सभी प्रतिभागियों की जांच सीबीआई से कराई जाए जिससे कि देवभूमि और देव भूमि के युवाओं के भविष्य को बचाया जा सके।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांसवाडा बालावाला निवासी रघुवीर सिंह अपनी स्कूटी से सेलाकुई से शहर की तरफ आ रहा था। जब वह नंदा की चौकी के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घायल के भाई विक्रम सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दो हजार के नकली नोटों के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने दो हजार के नकली नोटों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों खुद नोट छापकर बाजार में चलाते हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुमानीवाला निवासी चन्द्र मोहन पाण्डेय ने ऋषिकेश कोतवाली पुलिस में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी गुमानीवाला शिव मन्दिर के पास परचून की दुकान है। आज दो लोग उसकी दुकान में सामान खरीदने आये और उसको दो हजार का नोट दिया। बाद में उसने देखा कि वह नोट नकली था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने गुमानीवाला से ऋषिकेश की तरफ आने वाले तीन लोगों को रोका तो वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको रोक लिया। पकडे गये लोगों में से एक का हुलिया चन्द्रमोहन पाण्डेय द्वारा बताये व्यक्ति से मेल खा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर चन्द्रमोहन को बुलाया तो उसने उसको पहचान लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चार दो हजार के नकली नोट बरामद कर लिये। पूछताछ मे उन्होंने अपने नाम नीरज पुत्र सुखवीर, सुनील पुत्र संजय दोनों निवासी सहारनपुर व तीसरे ने अपना नाम रोशन जोशी पुत्र लक्ष्मण जोशी निवासी चमोली बताया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की तो नीरज व सुनील ने पुलिस को बताया कि वह यह नोट अपने घर में स्वंय बनाते हैं तथा रोशन जोशी के माध्यम व स्वंय भी बाजार में चलाते हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में आज सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यू.केएस.एस.एस.सी. विधानसभा, व कई अन्य सरकारी विभागों में अपने चहेतों को नियुक्तियां देने के विरोध में भाजपा सरकार का पुलता दहन किया गया।



इस अवसर पर गोगी ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा विभाग नही है जिसमें घोटाला न हुआ हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनावों में देश के युवाओं से हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, परन्तु एक भी वादा पूरा नही किया है। आज का युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है,। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में चल रही धांधली से पूरे देश में उत्तराखण्ड सरकार की थू-थू हो रही है।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर गोगी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य की जनता ने बहुत आशा और विश्वास के साथ भाजपा को भारी बहुमत के साथ डबल इंजन का तोहफा दिया था परन्तु भय-भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का दावा करने वाली उत्तराखण्ड की डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। राज्य सरकार द्वारा नौजवानों को रोजगार मुहैया कराना तो दूर जिन सरकारी पदों पर अभी तक भर्तियां की भी गई हैं उनमें भारी भ्रष्टाचार एवं भाई भतीजावाद को अंजाम को दिया गया है। कहा कि भाजपा द्वारा सत्ता में आते ही सरकारी संस्थाएं बेचने के साथ साथ सरकारी नौकरियां भी लाखों रूपये लेकर बेची जा रही है, सरकारी विभागों की भर्तियों में 15-15 लाख में पेपर लीक का मामला भारी भ्रष्टाचार का जीता-जागता प्रमाण है। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, उपेन्द्र थापली, मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, पूरण सिंह रावत, विपुल नौटियाल, मोहन जोशी, जगदीश धीमान, प्रमोद गुप्ता, अल्ताफ, पार्षद जितेन्द्र तनेजा, मोहित ग्रोवर, सुमित्रा ध्यानी, संगीता गुप्ता, कोमल बोहरा, आशा मनोरमा शर्मा, लक्की राणा, अजीत शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समिति ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

नगर संवाददाता



देहरादून। सब्जी मंडी विंग 6 के साथ शहीद भगत सिंह पार्क, रेशम विभाग एवं कैंट जूनियर हाईस्कूल, स्पेशल विंग प्रेम नगर समिति द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समिति के अध्यक्ष अमरनाथ कुमार की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष ट्री गार्ड के साथ उपरोक्त दोनों स्थानों पर 70 वृक्ष रोपित किए गए। वृक्षारोपण के पश्चात् सब्जी मंडी यूनियन के अध्यक्ष तथा समिति के सदस्य सुखपाल सैनी ने सब्जी मंडी के व्यापारी भाइयों से रोपित वृक्षों की सुरक्षा एवं देखभाल का प्रण लिया गया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमरनाथ कुमार, आर के हांडा, उपाध्यक्ष, राजेश बाली कोषाध्यक्ष, अनुराग शर्मा, मीडिया प्रभारी, सुभाष जसोरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस का 4 सितम्बर को दिल्ली चलो आह्वान

नगर संवाददाता

पौड़ी। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने कांग्रेसियों से 4 सितंबर को दिल्ली चलो का आह्वान किया है वह आज श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि 4 सितंबर की रैली कांग्रेस की महंगाई पर चोट है। इस मौके पर उन्होंने गुलाम नबी आजाद को पार्टी का दुश्मन बताया। उन्होने महंगाई और भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए उत्तराखंड में दिन प्रतिदिन नए घोटालों को आने को राज्य के भविष्य के लिए अशुभ संकेत बताया। धीरेंद्र प्रताप जो आज गढ़वाल विश्वविद्यालय छात्र संघ के द्वारा सीटें बढ़ाए जाने की मांग को लेकर सत्याग्रह में भी भाग लेने गए थे उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग जायज है और राज्य सरकार को इस पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। बैठक में उन्होंने अग्निवीर परीक्षा में मानक बदले जाने को उत्तराखंड की नौजवानी के साथ खिलवाड़ बताया।

धीरेंद्र प्रताप ने बताया की वह पिछले 4 दिनों से पौड़ी जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर रहे और सभी जगह से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दिल्ली की 4 सितंबर की रैली के लिए विशेष उत्साह है।

उन्होंने उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के हाकम सिंह मॉडल को भाजपा सरकार की देन बताया। उन्होंने 1 सितंबर और 2 सितंबर को खटीमा कांड और मसूरी कांड की पुण्यतिथि पर राज्य आंदोलनकारियों का स्मरण करते हुए कहा कि भाजपा ने राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों को तत्काल आरक्षण दिए जाने की मांग की और गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाए जाने हेतु तत्काल कदम उठाने का सवाल उठाया उन्होंने एसडीएम पौड़ी द्वारा अग्निवीर परीक्षा में हो रही धांधली को लेकर आवाज उठाने वाले युवा कांग्रेस नेता नितिन बिष्ट और शराब आंदोलन की नायिका सरिता नेगी के तमाम मुकदमे वापस लिए जाने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पुंडीर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और उमेश सिंह मेहरा ने इस मौके पर आश्वासन दिया कि यहां से बड़ी तादाद में कांग्रेसी कार्यकर्ता 4 सितंबर को दिल्ली जाएंगे इस बैठक में अन्य लोगों के अलावा मीडिया प्रभारी लाल सिंह नेगी, सते सिंह भंडारी, अख्तर हुसैन, शोएब समेत अनेक लोगों ने भाग लिया



## एक नजर

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े अवमानना केस बंद किए!

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद राज्य के अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ अवमानना घ्याचिकाओं के एक बैच को खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवमानना याचिका को पहले सूचीबद्ध किया जाना चाहिए था लेकिन हिंदू और मुस्लिमों के मध्य अयोध्या जमीन विवाद के फैसले (9 नवंबर 2019) के बाद अब इस मुद्दे पर सुनवाई वाजिब नहीं है। यह निर्णय याचिकाकर्ता और मामले में आरोपी शख्स यानी की दोनों की मौत होने के बाद लिया गया है। शीर्ष अदालत ने बाबरी मस्जिद विध्वंस केस में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के खिलाफ अदालत की अवमानना घ्से जुड़े केस को भी बंद कर दिया। एक अन्य फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात 2002 के दंगों से जुड़े कई मामले भी बंद कर दिए हैं। शीर्ष अदालत के सामने याचिकाओं की एक लंबी लिस्ट लंबित था। कोर्ट ने कहा कि इन मामलों को काफी समय बीत गया है और अब ये बेकाम हो गए हैं। इसलिए 9 में से 8 मामलों में ट्रायल को खत्म किया जा रहा है। हालांकि गुजरात के नरोदा गांव के ट्रायल कोर्ट में एक केस में अंतिम बहस फिलहाल चल रही है।



# सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के बैंक लॉकर की तलाशी ली

नई दिल्ली। सीबीआई के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी ली। सीबीआई जब वहां पहुंची तो बैंक के बाहर अफरा-तफरी मच गई. अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो के करीब पांच अधिकारियों का एक दल राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाके गाजियाबाद के सेक्टर-4 वसुंधरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा में लॉकर की तलाशी लेने पहुंचा। सिसोदिया ने सोमवार को ट्वीट किया था, श्श कल सीबीआई हमारा बैंक लॉकर देखने आ रही है। 19 अगस्त को मेरे घर पर 14 घंटे के छापे में कुछ नहीं मिला था। लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सीबीआई का स्वागत है। जांच में मेरा और मेरे परिवार का पूरा सहयोग रहेगा।श्श सीबीआई ने 19 अगस्त को इस मामले में सिसोदिया के आवास समेत 31 स्थानों पर छापे मारे थे। सिसोदिया का कहना है कि उन्हें एक झूठे मामले में आरोपी बनाया गया है, ताकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आगे बढ़ने से रोका जा सके जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर उभरे हैं।



# शराब की तरह ही है सत्ता का नशा: अन्ना हजारे

नई दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखा है। केजरीवाल के लिखे पत्र में अन्ना हजारे ने कहा है कि आप भी सत्ता के नशे में डूब गए हैं। एक बड़े आंदोलन से जन्मी एक पार्टी के लिए यह शोभा नहीं देता। अपने पत्र में अन्ना हजारे ने लिखा,आपके मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मैं आपको खत लिख रहा हूं। पिछले कई दिनों से दिल्ली सरकार की शराब नीति को लेकर जो खबरें आ रही हैं उन्हें पढ़कर दुख होता है। अन्ना हजारे ने कहा है, आपने श्स्वराजश नाम की किताब में कितनी आदर्श बातें लिखी थी। आप से बड़ी उम्मीद थी लेकिन लगता है राजनीति में जाने और मुख्यमंत्री बनने के बाद आप आदर्श विचारधारा को भूल गए हैं। जिस प्रकार शराब का नशा होता है, उसी प्रकार सत्ता का भी नशा होता है। आप भी ऐसी सत्ता के नशे में डूब गए हो, ऐसा लग रहा है। पत्र में अन्ना हजारे ने लिखा है कि उन्हें उम्मीद थी कि दिल्ली में भी महाराष्ट्र जैसी शराब नीति बनेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोग सत्ता के लिए पैसे और पैसे के लिए सत्ता के घेरे में फंस गए हैं।



# पेपर लीक मामले में शिक्षक गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने येकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में लोहाघाट के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में यह 29वीं गिरफ्तारी है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए स्पेशल टास्क फोर्स के एसएसपी अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में 4 व 5 दिसम्बर को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें 160000 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी थी तथा 916 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। इस परिक्षा पर कई संगठनों ने गडबडी का आरोप लगाया था जिसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर मामले में रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच एसटीएफ को सौप दी गयी थी। एसटीएफ ने जांच में अभी तक 29 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें नगर पंचायत सदस्य हाकम सिंह से लेकर हाईकोर्ट के कर्मचारी सहित प्रिंटिग प्रेस के मालिक राजेश चौहान को भी गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड एसटीएफ ने कुमाऊं के दो रिजॉर्ट में नकल की पोल खोल दी है। पीसीओ चलाने से लेकर छोटे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बेचते बेचते बना राजकीय प्राथमिक विद्यालय,लोहाघाट में बेसिक शिक्षक बलवंत सिंह रौतेला गिरफ्तार सामूहिक पेपर लीक में दो रिजॉर्ट में इकट्ठा हुए 55-60 स्टूडेंट्स को नकल कराने वाले शशिकांत के बाद गिरफ्तार हुआ उसका दाहिना हाथ बलवंत है। एसटीएफ द्वारा रिजॉर्ट में सामूहिक पेपर लीक कराने वाले शिक्षक बलवंत सिंह रौतेला को गिरफ्तार किया। इसके द्वारा करीब 40 छात्रों को इकठ्ठा कर के उत्तर प्रदेश के नकल माफिया शशिकांत के माध्यम से पेपर लीक किया गया था। अधिकांश छात्रों को चिन्हित की लिया गया है जो परीक्षा से पूर्व रुके थे दो रिजॉर्ट में,दस्तावेजी साक्ष्य में पुष्टि हुई है।

## जहरीली गैस रिसाव से हड़कंप, एसडीएम सहित 34 लोगों की तबियत बिगड़ी



हमारे संवाददाता

ऊधमसिंहनगर। रुद्रपुर में आज सुबह ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में कबाड़ी की दुकान में रखे गैस सिलेंडर से जहरीली गैस का रिसाव हो गया। गैस की चपेट में आकर कई लोग बेहोश हो गएं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची टीम भी गैस की चपेट में आ गई।

बताया जा रहा है कि इस दौरान किच्छा क्षेत्र के उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव व एसडीआरएफ के करीब आठ जवानों की भी तबीयत खराब हो गई। गैस का रिसाव होने से वहां आस-पास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। साथ ही उल्टी होने की समस्या से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इससे लोगों में वहां दहशत का माहौल बन गया। एसडीआरएफ टीम के निरीक्षक बालम सिंह द्वारा बताया कि उक्त सिलेंडर 45 से 50 लीटर का था जिसका पाइप कट जाने के कारण गैस रिसाव हो रहा था। सिलेंडर को अब जंगल ले जाया गया है।

## पार्किंग से स्कूटी चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने पार्किंग से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरबंश वाला निवासी मुकुट तिवारी उपाध्याय ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह सुभाष रोड स्थित चंदन लैब में आया था। उसने अपनी स्कूटी लैब की पार्किग में खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी।

# युवक की गला रेतकर हत्या



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मंगलौर जा रहे बाईपास पर पनियाला के समीप आज सुबह एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक की गला रेतकर हत्या की गयी है जिसकी पहचान सतवीर निवासी पथरी के रूप में की गयी है। सूचना मिलने पर थाना गंगनहर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह रूड़की में पनियाला के समीप सड़क किनारे एक युवक का रक्तरंजित शव देखा गया। सूचना मिलने पर थाना गंगनहर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की हत्या गला रेतकर की गयी है। जिसकी पहचान आधार कार्ड के अनुसार पथरी निवासी सतबीर के रूप में की गयी है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर एक संदिग्ध बोलेरो कार के देखे जाने की बात भी सामने आ रही है जिसमें दो युवक सवार थे। वहीं परिजनों के अनुसार वह कल देर शाम पंजाब जाने की बात कहकर दो लोगों के साथ निकला था। घटना की सूचना मिलते ही सीओ रुड़की विवेक कुमार और कई पुलिस थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है, जिन्होंने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने हत्यारोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मृतक के पास से उसका मोबाइल भी पुलिस को नहीं मिला है। सीओ रूड़की विवेक कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा पुलिस सभी तथ्यों को जोड़कर जांच कर रही हैं।

## सीएम आवास का घेराव करने वाली आधा दर्जन कांग्रेसी महिलाओं पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने वाली आधा दर्जन महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी सेवाओं में महिलाओं को तीस प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर गत दिवस महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास का घेराव किया था। महिलाएं खुफिया विभाग को चकमा देकर सीएम आवास के बाहर पहुंच गयी थी जहां से उनको गिरफ्तार कर नीजि मुचकलों पर छोड दिया था। सर्किट हाउस चौकी प्रभारी मयंक त्यागी ने ज्योति गैरोला, आशा मनोरमा डोबरियाल, राधिका शर्मा, शिवानी थपलियाल, पुष्पा पंवार, मीना बिष्ट व 15-20 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*